पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने प्रयागराज में 200 आंगनबाड़ी संसाधन किट का किया वितरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ किया संवाद।

बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ने के लिए खिलौने, खेलने व इंटेरेक्टिव लर्निंग की करनी होगी व्यवस्था ।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां निभाती है बड़ा दायित्व।

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ: 26 सितम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद प्रयागराज भ्रमण के दूसरे दिन आज मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय अरैल नैनी परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह-सितम्बर 2023 के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद किया तथा आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधा-संपन्न बनाने के लिए 200 आंगनबाड़ी संसाधन कीटों का वितरण किया । उन्होंने केंद्र पर बनायी गयी स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी किया ।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि आंगनबाड़ी से मेरा बहुत नजदीकी जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि शिशु की गर्भावस्था से लेकर उसके जन्म व स्कूल में जाने तक की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केन्द्र की होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का पालन करते हुए गर्भवती महिलाओं व माताओं को मार्गदर्शन देना, सुरक्षित बच्चे के जन्म के लिए प्रयास करना, ये सभी कार्य हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां करती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले ज्यादातर बच्चे अभावग्रस्त, गरीब परिवार से होते है एवं उनके पास अच्छे कपड़े व खाने-पीने की अच्छी व्यवस्था भी नहीं होती है, ऐसे बच्चों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि इनकी देखभाल करते हुए इन्हें समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित कराया जाये।

इसी क्रम में राजयपाल जी ने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ने के लिए केन्द्रों में उनके लिए खिलौने, खेलने की व्यवस्था करने के साथ इंटेरेक्टिव लर्निंग की व्यवस्था पर जोर दिया जिससे बच्चे स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने के लिए उत्सुक रहे। राज्यपाल जी ने कहा कि बच्चे लिखने से ज्यादा देखकर सीखते है, उन्हें एक खिलौने से भी काफी कुछ सिखाया जा सकता है। उन्होंने केजी टू पीजी शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को यूनिवर्सिटी व कालेजों से जोड़ना चाहिए।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने दो प्रकार की किट वितरित कीं , जिसमें एक किट में खेलने, साइंस, मैथ व क्रिएटीविटी सिखाने के लिए व दूसरी 200 आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित करने हेतु कार्यकत्रियों को दी ।उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को परिसर में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों के साथ प्रार्थना व खेलों का एक साथ आयोजन कराने के लिए कहा है, जिससे वे भी उनके साथ सीख सकें।
राज्यपाल जी ने कहा कि छोटे बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति बहुत प्रबल होती है , इसलिए हमें उनका विशेष ध्यान

रखना चाहिए। हमारा उत्तरदायित्व है कि हम उन्हें ऐसा वातावरण प्रदान करें, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने नैनी जेल में बंद महिलाओं के बच्चों के बारे में बताते हुए कहा कि वे बिना किसी अपराध के सजा भुगत रहे है, इसलिए हमें सदैव ध्यान देना चाहिए कि हम कोई भी इस तरह का कार्य न करें, जिसका परिणाम हमारे बच्चों को भुगतना पड़े। उन्होंने उपस्थित अध्यापिकाओं से गलत मार्ग पर चलने वाले बच्चों को चिन्हित कर सुधारने एवं उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है।

कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने राजभवन से अपने साथ लायी हुई 55 पुस्तकों को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को दिया और विद्यालय में एक लाईब्रेरी बनाकर इन पुस्तकों को विद्यालय के बच्चों को उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने इस श्री अन्न से निर्मित रेस्पी पोषण स्टाॅल का अवलोकन करते हुए उत्पादों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों को फल वितरित करते हुए उनके प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा के बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी ने राज्यपाल जी का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वविदित है कि राज्यपाल जी एक शिक्षिका रही है एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से अलंकृत है। राज्यपाल जी ने महिला एवं बाल-विकास के मुद्दो पर सदैव विशेष ध्यान दिया है एवं महिला सशक्तीकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत से कार्य किए है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जी के आगमन से निश्चित रूप से मातृ शक्तियों को मजबूती व प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने नंदी सेवा संस्थान की ओर से उपलब्ध कराये गये 50 फ्री स्कूल किट बच्चों को प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार, परियोजना निदेशक श्री अशोक कुमार मौर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण तिवारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डा0 सीमा गुप्ता/
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र- 8318116361